राष्ट्रीय युवा दिवस

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की एनएसएस इकाई दो तथा विवेकानद स्टडी सर्कल द्वारा आज दिनांक 12 जनवरी 2023 को स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाया गया । यूथ आईकॉन माने जाने वाले और दुनिया में भारत की एक अलग पहचान बनाने वाले प्रभावशाली व्यक्तित्व को देश उनकी जयंती पर नमन करता है ।प्राचार्य महोदय डॉ. कृष्णकांत के दिशा निर्देशन में इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया । प्राचार्य महोदय ने इस अवसर पर युवाओं को स्वामी जी के जीवन से संबंधित विभिन्न घटनाओं का विवरण दिया । विवेकानद के चित्र को अपनी किताबो में रखे तथा कभी भी बुरे विचार आने पर उस चित्र को चारित्र मानकर उनकी अच्छाइयों के बारें में सोचे। और उन्हें स्वामी जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करके राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया । उठो जागो और अपने लक्ष्य प्राप्ति तक ना रुकने जैसे प्रेरणादाई विचारों को आज के युवा के लिए जरूरी बताते हुए उन्होंने कहा कि उनकी बताई शिक्षा पर चलना ही सही अर्थों में उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है । भारतीय सरकार द्वारा 1984 में स्वामी जी के जन्मदिन को अर्थात 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस घोषित किया गया था और 1985 से इसे इसे पूरे देश में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है । स्टडी सर्कल इंचार्ज डॉ. रेखा सैन तथा एन एस एस अधिकारी डॉ. शोभना गोयल नेइस अवसर पर स्वामी जी के जीवन पर स्वदेश चेतना नामक वृत्तचित्र दिखाया गया तथा विवेक कौशल ज्ञान वृद्धि के लिए खेल के माध्यम से गतिविधिया की गई ताकि विद्यार्थी उनके जीवन से प्रेरित हो सकें ।नशा मुक्ति, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक बुराइयों का पतन जैसे विषयों पर एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया । इस आयोजन में एनएसएस इकाई दो के तथा विवेकानद स्टडी सर्कल के लगभग 50 स्वयंसेवक सेविकाओं ने भाग लिया ।प्राचार्य महोदय ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एन एस एस अधिकारी डॉ. शोभना गोयल , विवेकानद स्टडी सर्कल की इंचार्ज डॉ. रेखा सैन और सभी स्वयंसेवक सेविकाओं को बधाई दी ।